देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 11.12.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- पौड़ी गढ़वाल के गजल्ड गांव में पिछले कुछ समय से आतंक का पर्याय बने नरभक्षी गुलदार को वन विभाग की टीम ने मार गिराया।
- चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मंडल के निदेशक डॉ. सी. पी. त्रिपाठी ने उत्तरकाशी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया।
- देहरादून जिला प्रशासन ने विलुप्त दून बासमती को दिलाई नई पहचान।
- मां गंगा के शीतकालीन प्रवास मुखवा गांव में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू।

गुलदार ढेर

पौड़ी गढ़वाल के गजल्ड गांव में पिछले कुछ समय से आतंक का पर्याय बने नरभक्षी गुलदार को वन विभाग की टीम ने मार गिराया। लगातार निगरानी, ट्रैकिंग और सघन अभियान के बाद विशेष शिकारियों की टीम ने गुलदार को मार गिराया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुलदार के हमले की घटना को गंभीरता से लेते हुए वन विभाग को निर्देश दिए थे कि ग्रामीणों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी क्रम में वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और शिकार विशेषज्ञों ने समन्वित प्रयास करते हुए यह कार्रवाई की। इस बीच, सरकार ने आश्वासन दिया है कि प्रभावित क्षेत्र में सतर्कता और गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया है कि उनकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए राज्य सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

स्वास्थ्य सेवा निरीक्षण

चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, गढ़वाल मंडल के निदेशक डॉ. सी. पी. त्रिपाठी ने उत्तरकाशी जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। डॉ. सी.पी. त्रिपाठी ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत आयोजित बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रमों, योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा सेवाओं की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने पर जोर दिया। साथ ही वित्तीय वर्ष की आरओपी के अंतर्गत स्वीकृत धनराशि का समयबद्ध और लक्ष्यित व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सहित सभी प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों को बेहतर करते हुए जनस्वास्थ्य सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। निदेशक ने जिला चिकित्सालय उत्तरकाशी का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय परिसर में स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर करने तथा आवश्यक औषधियों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

रोजगार

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना से कुमाऊं मण्डल में रोजगार को नई गति मिल रही है। हमारे नैनीताल संवाददाता सुमित तिवारी ने बताया कि गत पहली अगस्त से शुरू हुई इस योजना से अब तक कुमाऊं मण्डल के कुल 732 प्रतिष्ठान लाभान्वित हुए हैं।

वरिष्ठ नागरिक

हरिद्वार जिले की ज्वालापुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के अंतर्गत अकेले रह रहे वरिष्ठ नागरिकों के घर पर जाकर उनकी कुशलता जानी और उनकी समस्याएं सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया। डोर टू डोर कार्यक्रम के दौरान ज्वालापुर पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को साईबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की अनजान कॉल आने पर घबरायें नहीं और ऐसा होने पर सीधे पुलिस से सम्पर्क करें। इसके अतिरिक्त वरिष्ठ नागरिकों को अपने–अपने निवासरत क्षेत्र में चीता मोबाइल पर नियुक्त पुलिस कर्मियों के मोबाइल नम्बरों, पुलिस कंट्रोल रुम और प्रभारी निरीक्षक ज्वालापुर के मोबाईल नम्बर से भी अवगत कराया गया। वरिष्ठ नागरिकों को बताया गया कि अपनी निजी पारिवारिक, घरेलू हिंसा और अपराध संबंधी समस्याओं को फोन बता सकते हैं, जिसका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जायेगा। इस दौरान पुलिस ने वरिष्ठ नागरिकों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिया गया।

दून / बासमती चावल

देहरादून जिला प्रशासन की पहल पर सहसपुर और विकासनगर के किसानों ने दून बासमती की टाइप–3 खेती को विस्तार दिया गया है। प्रशासन की ओर से किसानों को दून बासमती धान की अच्छी उपज के लिए ग्राम उत्थान और कृषि विभाग की ओर से प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराई गई। इससे बासमती उत्पादन की गुणवत्ता में सुधार आया। ग्राम उत्थान विभाग ने किसानों और समूह की महिलाओं से 65 रूपए प्रति किलो के हिसाब से 200 से अधिक कुतंल दून बासमती धान की खरीद की है। जो हिलान्स और हाउस ऑफ हिमालय के माध्यम से दून बासमती को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इससे दून बासमती धान को पुनर्जीवन मिलेगा। साथ ही स्थानीय समूह की महिला किसानों की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि दून बासमती की फसल के बाद चयनित किसानों को कृषि विभाग द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा, ताकि दून बासमती धान को प्रमाणित किया जा सके।

शीतकालीन यात्रा

उत्तरकाशी जिले के मुखवा गांव में मां गंगा के शीतकालीन प्रवास पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया है। सर्द हवाओं के बीच मां गंगा के दर्शन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां रोजाना श्रद्धालु मां गंगा के दर्शन को पहुंच रहे हैं। इस समय रोजाना दो सौ से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन को आ रहे हैं। गंगोत्री धाम के कपाट बंद होने के बाद मां गंगा छह महीने के लिए शीतकालीन

गद्दी स्थल मुखवा में विराजमान हैं। पंच मंदिर समिति मुखवा के सचिव सुरेश सेमवाल ने कहा कि शीतकाल प्रवास में सरकार द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार का कहना है कि पुलिस की ओर से मंदिर परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

आकाशवाणी/दूरदर्शन

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने कहा है कि सरकार ने लोक प्रसारक– प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी और दूरदर्शन के माध्यम से आपदा चेतावनी और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देश के प्रत्येक व्यक्ति तक मजबूती से पहुंचाना सुनिश्चित किया है। लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में डॉ. मुरुगन ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं, जन–परामर्श और आपदा संबंधी सूचनाओं का ग्रामीण, दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रसार बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रसार भारती अपने सोशल मीडिया के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक तक सूचनाओं का प्रसार करता है।